दिनांक : 29.08.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रादेशिक समाचार

समाचार......

शिवराज अभियान

देश भर में आज कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधिकारी, कर्मचारी एक पेड़ मां के नाम अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। इसके अंतर्गत पौधरोपण का कार्य कृषि विज्ञान केंद्रों, कृषि विश्वविद्यालयों में पौधरोपण किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस अभियान में सभी उत्साह से सहभागी बन रहे हैं।

बाईट- शिवराज सिंह

प्रधानमंत्री-खेल दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि खेलों को समर्थन देने और अधिक युवाओं को खेल और प्रतिभा प्रदर्शन में सहयोग देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय खेल दिवस पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश भारतीय हॉकी के खिलाड़ी मेजर ध्यानचन्द्र को आज श्रद्धा-सुमन अर्पित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह, सभी खेलप्रेमी और देश के लिए खेलने वाले खिलाड़ियों की सराहना का अवसर है। इस अवसर पर भोपाल के तात्याटोपे स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय खेल दिवस पर 26 से 31 अगस्त तक प्रदेश के समस्त जिलों में खेल सप्ताह का आयोजन

किया जा रहा है। राष्ट्रीय खेल दिवस के पूर्व कल एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के मशाल परिसर में मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा का अनावरण किया गया। आगरमालवा जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा कल जिले के सुसनेर में राष्ट्रीय खेल सप्ताह की शुरूआत हुई। इस मौके पर शासकीय कन्या हायर सेकेन्ड्री स्कूल में खेलों का आयोजन किया गया।

भूकं□-दिल्ली एनसीआर

दिल्ली और निकटवर्ती क्षेत्रों में आज सुबह रिक्टर पैमाने पर पांच दशमलव सात तीव्रता का भूंकप महसूस किया गया। राष्ट्रीय भूकंप केंद्र के अनुसार इस भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में था। भूकंप में किसी तरह के जान माल के नुकसान की अब तक कोई खबर नहीं है।

संघ लोक सेवा आयोग- आधार

सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग-यूपीएससी को स्वैच्छिक आधार पर उम्मीदवारों की पहचान प्रमाणित करने के लिए आधार आधारित सत्यापन की अनुमति दे दी है। पंजीकरण के समय और परीक्षाओं और भर्ती के विभिन्न चरणों के दौरान यह सत्यापन किया जा सकता है। यह निर्णय पूजा खे□कर की अंतरिम उम्मीदवारी को रद्द करने और फर्जी पहचान दिखाकर सिविल सेवा परीक्षा में निर्धारित संख्या से अधिक प्रयास करने के लिए उन्हें भविष्य की सभी परीक्षाओं से वंचित करने के बाद आया है।

मौसम

प्रदेश में अगले 2 दिन तक तेज बारिश नहीं होगी। लेकिन सितंबर की शुरुआत तेज बारिश के साथ होगी। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून ट्रफ समेत अन्य सिस्टम प्रदेश से दूर हैं। इस वजह से अगले 24 घंटे में प्रदेश में बारिश की खास एक्टिविटी नहीं रहेगी।

हालांकि कुछ जगहों पर हल्की बारिश जरूर हो सकती है। बता दें कि प्रदेश में अब तक 33.6 इंच बारिश हो चुकी है। यह मानसून सीजन की 90 प्रतिशत है। 3.7 इंच पानी और गिरते ही प्रदेश में सामान्य बारिश का आंकड़ा भी पार हो जाएगा। कल उमरिया में करीब 1 इंच पानी गिरा। धार, खंवा, खरगोन और उज्जैन में हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगरमालवा, शाजापुर, देवास, खंवा, बुरहानपुर, खरगोन, धार, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, निवाड़ी और ग्वालियर में मौसम साफ रहेगा। यहां धूप खिली रहेगी। वहीं, जबलपुर समेत प्रदेश के अन्य हिस्सों में हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति बनेगी।

समाचार संक्षेप

बैतूल जिले के ग्राम गुदगांव ke एथलेटिकस खिलाड़ी प्रहलाद हाके ने २० अगस्त को भोपाल में आयोजित नेशनल एथलेटिक्स ट्रायल प्रतियोगिता के अंर २३ आयु वर्ग में ४०० मीटर बाधा दौड़ मात्र ५३ सेकें में पूरी कर नया रिकार् बनाया है।

30 अगस्त को रोजगार मेला का आयोजन जिला पंचायत परिसर जिला रोजगार कार्यालय खणवा में सुबह 11 बजे से 4 बजे तक किया जा jayega। जिसमें प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों के द्वारा तकनीकि एवं गैर तकनीकि क्षेत्र में लगभग 300 बेरोजगार युवक एवं युवतियों की निजि क्षेत्र में भर्ती की जावेगी।

....